तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत
पोलीटेकनिक महाविद्यालयों में व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु

विज्ञापन

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत प्रदेश के स्वशासी/शासकीय/महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न संकायो में व्याख्यताओं के रिक्त पदो की पूर्ति हेतु प्रथम चरण में देश एवं प्रदेश के बहुप्रसारित समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किये गये थे। इन विज्ञापनों में इच्छुक अभ्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई थी, कि पोलीटेकनिक महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न संकायो में व्याख्याताओं के रिक्त पदों की पूर्ति गेट-2015 [GRADUATE APTITUDE TEST IN ENGINEERING (GATE)2015] के माध्यम से की जावेगी। अतः इच्छुक उम्मीदवार गेट-2015 की परीक्षा में शामिल हों। इसी तारतम्य में प्रदेश के स्वशासी/ शासकीय/महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न संकायो में व्याख्याताओं के रिक्त पदो पर भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया एवं निर्देशों का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mponline.gov.in पर दिनांक 25 मई, 2015 से उपलब्ध रहेगें। आवेदन की प्रक्रिया एवं निर्देशों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

सेवा भर्ती नियम :- प्रदेश के स्वशासी/ शासकीय/ महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न संकायो में व्याख्याताओं के रिक्त पदो पर भर्ती पोलीटेकनिक महाविद्यालय (अध्यापन संवर्ग) सेवा भर्ती नियम-2004 के अंतर्गत की जावेगी।

रिक्त पदों के संकाय/विषय :- वर्तमान में रिक्त पदों की पूर्ति केवल गेट-2015 परीक्षा में सम्मिलित निम्नलिखित इंजीनियरिंग संकायों/ विषयों के लिए की जाएगी :- 1. सिविल इंजीनियरिंग, 2. मैकेनिकल इंजीनियरिंग, 3. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, 4. इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन, 5- कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग 6. आई.टी., 7. आर्किटेक्चर, 8. केमीकल इंजीनियरिंग, 9. माईनिंग एण्ड माइन सर्वेइंग, 10. प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, 11. टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी।

आयु सीमा :- अभ्यार्थी की दिनांक अभ्यार्थी की दिनांक 01 जनवरी 2016 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिये। विभिन्न श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिए आयु में छूट मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार प्रदान की जावेगी।

शैक्षणिक योग्यता :- अभ्यार्थी की शैक्षणिक योग्यताएं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा आवेदित व्याख्याता के पद हेतु निर्धारित मापदण्डों के अनुसार अनिवार्य है।

वेतनमान:-अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा व्याख्याता के पद हेतु निर्धारित वेतनमान।

आवेदन करने की प्रक्रिया :- गेट-2015 परीक्षा उत्तीर्ण अर्ह उम्मीदवार एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से रिक्त पदों के लिये केवल ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकेगे। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पोर्टल http://www.mponline.gov.in दिनांक 25 मई, 2015 से उपलब्ध होगा। आवेदक सर्वप्रथम पोर्टल पर दिये निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करे तथा अपनी उम्मीदवारी सुनिश्चित होने पर ही ऑनलाइन आवेदन करे। ऑनलाइन आवेदन करते समय सभी आवेदक गेट-2015 परीक्षा का स्कोर कार्ड, अर्हता/ उच्च अर्हता, आयु, जाति प्रमाण-पत्र आदि की जानकारी आवेदन में देगें तथा इन प्रमाण-पत्रों की सॉफ्ट कॉपी (pdf, jpeg या jpg फॉरमेट में) भी अपलोड करेगें।

ऑनलाइन आवेदन पत्र का शुल्क:- सामान्य वर्ग के आवेदकों के लिये रु. 500/- एवं अनु.जाति/ अनु.जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) हेतु रु. 300/- होगा, जिसके भुगतान संबंधी निर्देश पोर्टल पर उपलब्ध होगें।

आरक्षण :- रिक्त पदों पर नियुक्तियां केवल संस्था विशेष के लिए है। पदों का आरक्षण एवं रोस्टर का संधारण संकायवार/विषयवार तथा महाविद्यालयवार किया गया है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को नियमानुसार अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांकों में छूट प्रदान की जायेगी।

चयन प्रक्रिया :- रिक्त पदों हेतु अभ्यार्थियों का साक्षात्कार हेतु चयन गेट-2015 परीक्षा में प्राप्त स्कोर/ अंक, अथवा/ एवं उच्च अर्हता धारित करने पर उसमें प्राप्त अंकों के प्रावीण्यता आधार पर किया जावेगा। साक्षात्कार केवल भोपाल में आयोजित किये जावेगें। आवेदकों का चयन 100 अंकों के आधार पर तालिका में दिए निम्नलिखित भारांक (Weightage) के अनुसार किया जायेगा।

स.क्र.	उम्मीदवार द्वारा धारित योग्यता	भरांक
1	संबंधित विषय/ संकायर में गेट-2015 की परीक्षा में प्राप्त अंक/ स्कोर	80 प्रतिशत
2	उपयुक्त विषय में स्नातकोत्तर उपाधि में प्राप्त अंक	05 प्रतिशत
3	संबंधित विषय की उपयुक्त शाखा में पीएच.डी.	05 अंक
4	व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्राप्त अंक	10 प्रतिशत

आवेदन करने की अंतिम तिथि :- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून, 2015 होगी।

टीप :- व्याख्याताओं के रिक्त पदो पर भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया एवं निर्देशों का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mponline.gov.in पर दिनांक 25 मई, 2015 से उपलब्ध रहेगें।

Director of Technical Education
Madhya Pradesh. BHOPAL

G-13360/15